कार्यालय – अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर– 208 002

पत्र सं0: 114 /शैक्षिक/2022 दिनांकः 28/04/2022

:: कार्यालय ज्ञाप ::

शैक्षिक सत्र 2021–22 में अध्ययनरत् द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्रों की सम संख्यक सेमेस्टर की नियमित एवं कैरी ओवर परीक्षायें दिनांक 06–16 जून, 2022 के मध्य होना है। विश्वविद्यालय के द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के बी0टेक0, एम0सी0ए0, एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि ऐसे छात्रों हेतु सम संख्यक सेमेस्टर के नियमित एवं कैरी ओवर परीक्षा के आवेदन पत्र दिनांक 02/05/2022 से विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर Student Portal (ERP) पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। समस्त छात्र वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा फार्म को ऑनलाइन दिनांक 06/05/2022 दिन शुक्रवार तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

ऐसे पूर्व छात्र जो ERP के माध्यम से नहीं जुड़े है, वे छात्र विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध परीक्षा फार्म को ऑफलाइन पूर्ण करते हुये परीक्षा शुल्क (रू0 1000/– प्रति विषय) के साथ विलम्बतम दिनांक 06.05.2022 तक ईमेल daa@hbtu.ac.in के माध्यम से अवश्य रूप से प्रस्तुत करे। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा।

कैरी ओवर परीक्षा के निर्धारित परीक्षा शुल्क को आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक, आजाद नगर, कानपुर शाखा के खाता सं0 351801000518, आई0एफ0एस0सी0 कोड ICIC0003518 में ऑनलाइन जमा करने के पश्चात् दिये गये ई0मेल पर (आवेदन पत्र एवं पेमेन्ट की छायाप्रति) प्रस्तुत करने के उपरान्त ही आवेदन पत्र की प्रक्रिया पूर्ण होगी।

उपरोक्त के अतिरिक्त जिन छात्रों के द्वारा शिक्षण शुल्क नहीं जमा किया गया है, ऐसे छात्र अपना शिक्षण शुल्क दिनांक 06/05/2022 तक जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा कि दशा में छात्रों को परीक्षा से वंचित कर दिया जायेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी छात्र की होगी।

22.04.2022

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि :

1. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
2. परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को "Examination Notice 2021-22 (Even Semester) for II, III and IV year student" शीर्षक से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रदर्शित कराने का कष्ट करें तथा ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरे जाने की प्रक्रिया की आवश्यक निगरानी भी करें।
4. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
5. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
6. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
7. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप